
**Uttarbharat Live**

**13-4-2022**

# वन अनुसंधान संस्थान का दौरा किया

**उत्तर भारत लाइव ब्यूरो**

**uttarbharatlive.com**



**देहरादून।** कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय स्थायी समिति के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन समिति के द्वारा मंगलवार को अपराह्न देहरादून पहुंची। समिति में सुशील कुमार मोदी अध्यक्ष और राज्य सभा के सदस्य, विवेक के तन्खा राज्य सभा के सदस्य, पी. विल्सन राज्य सभा, कनकमेदला रवींद्र कुमार राज्य सभा, राज्य सभा सचिवालय के चार अधिकारी सम्मिलित थें।

समिति ने वन अनुसंधान संस्थान में एक बैठक की, जहां छह संगठनों के प्रमुखों, पंजाब नेशनल बैंक, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया और भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद ने अपने-अपने संगठनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के समापन के उपरांत माननीय सदस्यों को एफआरआई में स्थित वानिकी संग्रहालयों का दौरा करवाया गया। माननीय सदस्यों ने संग्रहालयों में संरक्षित नमूनों के समृद्ध संग्रह की सराहना की।

**Rashtriya Sahara**

**13-4-2022**


# एफआरआई पहुंचा संसदीय स्थाई समिति का दल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

कार्मिक, लोक शिकायत, विधि व न्याय संबंधी संसदीय स्थाई समिति के सदस्यों ने मंगलवार को वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) का दौरा किया। समिति के सदस्य दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आए हुए हैं। समिति में अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी, विवेक के तन्खा, पी विल्सन, कनकमेदला रवीन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार चौधरी, के रघु रामकृष्ण राजू, सुरेश कुमार पुजारी, उपेन्द्र सिंह रावत, संध्या राय के अलावा राज्य सभा सचिवालय के चार अधिकारी भी शामिल हैं।

एफआरआई दौरे पर पहुंचे स्थाई समिति के सदस्यों ने बैठक भी आयोजित की। जिसमें पंजाब नेशनल बैंक, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, इंडियन इंस्टीट्यूय ऑफ रिमोट सेंसिंग, फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया व भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के अधिकारियों ने अपने-अपने संस्थानों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद समिति सदस्यों ने वानिकी संग्रहालयों का भ्रमण भी किया। उन्होंने संग्रहालयों में संरक्षित काष्ठ नमूनों के समृद्ध संग्रह की सराहना की।



# Dainik Jagran

## 13-4-2022



एफआरआइ भ्रमण के दौरान आइसीएफआरई के महानिदेशक एएस रावत के साथ कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण ● साभार एफआरआइ

### समिति ने किया केंद्रीय संस्थानों का भ्रमण

**देहरादून :** कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी समेत विभिन्न सदस्य दून दौरे पर पहुंचे हैं। मंगलवार को उन्होंने दून में विभिन्न केंद्रीय संस्थानों का भ्रमण कर जानकारियां हासिल कीं।

वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) पहुंचे समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने संस्थान के विभिन्न संग्रहालयों की जानकारी प्राप्त की। संग्रहालयों में संजोए गए वानिकी की तमाम धरोहर व अनुसंधान कार्यों को समिति ने बेजोड़ बताया। वहीं, बीएचईएल, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, भारतीय वन सर्वेक्षण आदि केंद्रीय संस्थानों ने अपने अनुसंधान कार्यों व योजनाओं की जानकारी समिति को दी। भ्रमण करने वालों में समिति के सदस्य एवं राज्यसभा सदस्य विवेक के तन्खा, पी विल्सन, कनकमेदला रवींद्र कुमार, प्रदीप कुमार आदि शामिल रहे। (जासं)

**Janbharat Mail**

**13-4-2022**

# संसदीय स्थायी समिति के सदस्यों ने किया एफआरआई का दौरा



**देहरादून, संवाददाता।** कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय स्थायी समिति के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन समिति आज अपराह्न 2.00 बजे देहरादून पहुंची।

समिति में सुशील कुमार मोदी अध्यक्ष और राज्य सभा के माननीय सदस्य, विवेक के. तन्खा राज्य सभा के सदस्य, पी. विल्सन राज्य सभा के सदस्य, कनकमेदला रवींद्र कुमार राज्य सभा के सदस्य), प्रदीप कुमार चौधरी लोकसभा के सदस्य, कानुमुरु रघु रामकृष्ण राजू लोकसभा सदस्य, सुरेश कुमार पुजारी लोकसभा सदस्य, उपेन्द्र सिंह रावत लोकसभा सदस्य और श्रीमती संध्या राय लोकसभा सदस्य के अतिरिक्त राज्य सभा सचिवालय के चार अधिकारी सम्मिलित थें। समिति ने वन अनुसंधान संस्थान में एक बैठक की, जहां छह संगठनों के प्रमुखों, पंजाब नेशनल बैंक, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया और भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद ने अपने-अपने संगठनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के समापन के उपरांत सदस्यों को एफआरआई में स्थित वानिकी संग्रहालयों का दौरा करवाया गया। सदस्यों ने संग्रहालयों में संरक्षित नमूनों के समृद्ध संग्रह की सराहना की।

**Amar Ujala**
**13-4-2022**

# संसदीय समिति ने किया एफआरआई का दौरा



**देहरादून।** केंद्र सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय स्थायी समिति में शामिल सांसदों ने मंगलवार को वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) का दौरा किया। समिति में शामिल राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी, विवेक के. तन्खा, पी. विल्सन, कनक मेदला, रवींद्र कुमार, प्रदीप कुमार चौधरी, कानुमुरु रघु रामकृष्ण राजू, सुरेश कुमार पुजारी, उपेंद्र सिंह रावत, संध्या राय और राज्यसभा सचिवालय के चार अधिकारियों ने संस्थान का भ्रमण किया। साथ ही संस्थान निदेशक डॉ. रेनू सिंह और वैज्ञानिकों के साथ बैठक कर वन अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे शोध के बारे में जानकारी ली। सांसदों के दल ने पंजाब नेशनल बैंक, भेल, सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया और भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारियां लीं। बैठक के बाद सांसदों के दल को एफआरआई स्थित वानिकी संग्रहालयों का भ्रमण कराया गया। मा.सि.रि.

# The Hawk
## 13-4-2022

# Visit Of Dept-Related Parl Standing Committee On Personnel, Public Grievances, Law & Justice To FRI



**Dehradun (The Hawk):** On the second day of the two-day study tour of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice to Mussoorie and Dehradun, the Committee reached FRI, Dehradun on 12th April 2022 at 2.00 pm. The Committee consisted of Shri Sushil Kumar Modi (Chairman and Hon'ble Member of Rajya Sabha), Shri Vivek K. Tankha (Hon'ble Member of Rajya Sabha), Shri P. Wilson (Hon'ble Member of Rajya Sabha), Shri Kanakamedala Ravindra Kumar (Hon'ble Member of Rajya Sabha), Shri Pradeep Kumar Chaudhary (Hon'ble Member of Lok Sabha), Shri Kanumuru Raghu Rama Krishna Raju (Hon'ble Member of Lok Sabha), Shri Suresh Kumar Pujari (Hon'ble Member of Lok Sabha), Shri Upendra Singh Rawat (Hon'ble Member of Lok Sabha) and Shrimati Sandhya Ray (Hon'ble Member of Lok Sabha), besides four officers of the Rajya Sabha Secretariat.

The Committee held a meeting in Forest Research Institute (FRI) where heads of six organisations viz. Punjab National Bank, Bharat Heavy Electricals Limited, CSIR-Indian Institute of Petroleum, Indian Institute of Remote Sensing, Forest Survey of India and Indian Council of Forestry Research and Education presented the reports of their respective organizations. This was followed by detailed discussion. After the conclusion of the meeting, the Honourable Members visited museums of FRI. The Honourable Members took keen interest in the museums and appreciated the rich collection of specimens preserved in them.